भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (का.हि.वि.), वाराणसी ।

<u>हिंदी पखवाड़ा (सितंबर 16-30, 2025)</u>

संस्थान में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 16.09.2025 से दिनांक 30.09.2025 तक किया गया ।हिंदी पखवाड़ा के दौरान निम्नलिखित आयोजन किये गए-

1. **हिंदी पखवाड़ा का उद~घाटन:**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए इस वर्ष देश के सभी कार्यालयों के हिन्दी पखवाड़ा/दिवस का शुभारंभ माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की अध्यक्षता में गांधीनगर, गुजरात से हुआ ।शिक्षा मंत्रालय के दिशा-निर्देश पर संस्थान से उप कुलसचिव (राजभाषा) एवं हिंदी अनुवादक उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित हुए । अन्य प्रतियोगिताएं, कार्यक्रम एवं मुख्य समारोह अपने-अपने संस्थान में आयोजित किए जाने थे ।जिसके अंतर्गत निम्नलिखित प्रतियोगिताएं/कार्यक्रम आयोजित किये गए ।

2. **हिंदी पुस्तकों की प्रदर्शनी:**

दिनांक 16.09.2025 को संस्थान के श्रीनिवास देशपांडे ग्रंथालय में हिन्दी पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । पुस्तक प्रदर्शनी का उदघाटन आचार्य एन.के.मुखोपाध्याय, निदेशक (प्रभार), कुलसचिव महोदय एवं आचार्य प्रभारी (मुख्य ग्रंथालय) तथा उप पुस्तकालयाध्यक्ष ने किया ।उक्त प्रदर्शनी संस्थान के छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों के लिए बेहद उपयोगी साबित हुई ।हिन्दी उपन्यास, कहानी, कविता तथा शब्दकोष की पुस्तकें प्रदर्शनी की शोभा बढ़ा रही थी ।

3. **राजभाषा अधिनियम, नियम एवं सामान्य हिंदी प्रतियोगिता: (बहुविकल्पीय)**

दिनांक 17.09.2025 को राजभाषा अधिनियम, नियम एवं सामान्य हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में किया गया, जिसमें संस्थान के कुल 24 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने प्रतिभाग किए ।

4. **हिंदी निबंध/ललित निबंध, लघु कथा एवं व्यंग्य लेखन प्रतियोगिता : (ऑनलाइन)**

संस्थान में **दिनांक 16.09.2025 से दिनांक 23.09.2025 के मध्य** ऑनलाइन माध्यम से हिन्दी निबंध, कहानी, व्यंग्य लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन अलग-अलग शिक्षक वर्ग, विद्यार्थी वर्ग एवं कर्मचारी वर्ग में किया गया । इस प्रतियोगिता का विषय स्वरचित था ।

5. **हिंदी काव्य संध्या का आयोजन:**

दिनांक 19.09.2025 को हिन्दी काव्य संध्या का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि कवि के रूप में भारत भूषण अग्रवाल पुरस्कार से सम्मानित एवं हिंदी साहित्य की सबसे प्राचीन संस्था के वर्तमान सभापति श्री व्योमेश शुक्ल जी थे ।काव्य संध्या का उद~घाटन एवं सम्मान संचालन श्री शशांक पाठक द्वारा तथा स्वागत व प्रस्तुतियों का संचालन कार्य आचार्य संजय कुमार पांडेय, अध्यक्ष, हिंदी पखवाड़ा समिति ने किया ।कार्यक्रम संस्थान के निदेशक महोदय की गरिमामयी अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।डॉ. अनीता मोहन, विनीता द्विवेदी, आचार्य संजय कुमार पांडेय, श्री राजन श्रीवास्तव, आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव, सहायक आचार्य अनूप सिंह, आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, संस्थान के विभागों के अध्यापकगण तथा

विद्यार्थियों ने अपने-अपने स्वरचित काव्य रचनाएं प्रस्तुत किए ।इस अवसर पर निदेशक महोदय ने भी एक कहानी व कविता सुनाई ।श्री व्योमेश शुक्ल जी ने कुछ कविताएं तथा अपनी कविता "लेकिन तुम हो कि मुकदमा लिखा देती हो" का काव्य पाठ इस सभागार में संस्थान परिवार के समक्ष प्रस्तुत किया ।उनके व्याख्यान की रिकॉर्डिंग भी हुई है ।

6. **हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता:**

दिनांक 26.09.2025 को संस्थान के एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारी वर्ग एवं विद्यार्थियों को मिलाकर कुल 16 लोग सम्मिलित हुए ।कर्मचारी वर्ग के लिए हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था- "सदन की राय में, स्वच्छ हरित त्योहार समय की मांग है '। वहीं छात्र वर्ग के लिए "सदन की राय में, शोध व नवाचार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित टूल्स वरदान है ।"

7. **पुरस्कार वितरण समारोह:**

दिनांक 24.10.2025 को संस्थान में मुख्य समारोह सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन निदेशक महोदय जी की गरिमामयी अध्यक्षता में की जा रही है ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सुरेश तिवारी, पूर्व छात्र एवं भूतपूर्व महाप्रबंधक, सेल थे ।पखवाड़ा के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा ।इस अवसर पर राजभाषा के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले को 'राजभाषा सम्मान' देने की घोषणा भी की गई, जो इस वर्ष आचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, उपाध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति को प्रदान की गई ।